सामुदायिक महिला एवं पुरूष शौचालय तथा मूत्रालय

स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) ओ0डी0एफ0 के स्थायित्व हेतु जनपद के 802 ग्राम पंचायतों में महिला एवं पुरूष हेतु अलग–अलग सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है। जिसमें टाइल्स, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था की गयी है तथा महिला एवं पुरूष हेतु अलग–अलग प्रवेश द्वार बनाये गये है। सामुदायिक शौचालय निर्माण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत में सार्वजनिक कार्यक्रमों यथा शादी–विवाह, धार्मिक अनुष्ठान एवं अन्य सास्कृतिक कार्यक्रमों में आये हुए जन समुदाय खुले में मल–मूत्र का त्याग न करें तथा सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें। सामुदायिक शौचालय को संचालित करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं सहायता समूह को दायित्व दिया गया है। समूह द्वारा केयर टेकर की तैनाती की गयी है जो प्रातः 5.00 बजे से 10 बजे तक एवं सायं 4.00 बजे से 8.00 बजे तक सामुदायिक शौचालय को खोलती एवं बन्द करती है। केयर टेकर को मानदेय के रूप में रू0 6000.00 प्रतिमाह एवं रू0 3000.00 मरम्मत तथा स्वच्छता सामग्री के लिए ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाता है।

CamScanner